# नानी ने झारखंड से जयपुर आकर 55 हजार में नाबालिग को बेचा

- पीड़िता शनिवार रात बड़ी चौपड़ पर सड़क पर बैठ कर रोती हुए पुलिसकर्मियों को मिली।
- नाबालिग से धाबाई का खुर्रा निवासी युवक डेढ़ महीने से ज्यादती कर रहा था।
- पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य महिलाओं की तलाश जारी है।

**जयपुर।** राजधानी के माणक चौक थाने में रुपयों के लिए एक नाबालिग को झारखंड से जयपुर में 55 हजार में बेचने का मामला सामने आया है। नाबालिग की जबरन शादी कराने लगे तो उसने मना किया, जिसके बाद डेढ़ माह तक उसके दरिंदगी होती रही। पीड़िता शनिवार रात जैसे तैसे बड़ी चौपड़ पहुंची, जहां वह सड़क पर बैठ कर ही रोने लगी।

इस पर वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उससे बात की तो उसकी आपबीती सुनाई। इसके बाद देर रात मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अन्य आरोपित महिलाओं की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया इलाके स्थित धाबाई का खुर्रा निवासी सुनीता का बेटा विकास अविवाहित है, जिसकी शादी में अड़चने आ रही थी। सुनीता की झारखंड में रिश्तेदारी है, जिस वजह से उसका जिला गिरिडीह, झारखंड आना जाना था।

सुनीता के संपर्क में एक सब्जी बेचने वाली महिला थी, जिसे उसने अपने बेटे की शादी के लिए कहा था। सब्जी बेचने वाली महिला के नाबालिग की नानी से संपर्क थे। इस पर सब्जी बेचने वाली महिला 13 वर्षीया नाबालिग की नानी को रुपयों का लालच दिया। इस पर नानी ने 55 हजार रूपए में उसे सुनीता को बेच दिया।

करीब दो माह पहले सब्जी बेचने वाली महिला और नानी नाबालिग को जयपुर छोड़ गए। यहां सुनीता ने अपने बेटे विकास से उसकी जबरन शादी की तैयारियां शुरू कर दी। लेकिन नाबालिग ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने नाबालिग को बंधक बना लिया गया। इस दौरान विकास उसकी अस्मत लूटता रहा।

शनिवार रात बड़ी चौपड़ पर सड़क पर रोती हुई नाबालिग के पास वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पहुंचे तो नाबालिग ने अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। नाबालिग को माणक चौक थाने लाया गया, जहां उसके बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपित विकास (25) को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसकी मां सुनीता, नाबालिग की नानी और सब्जी बेचने वाली महिला की तलाश की जा रही है।

## अवैध हथियार सहित बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की आदर्श नगर थाना पुलिस और डीएसटी ने एक बालअपचारी सहित दो जनों को पकड़ कर इनके कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस जब्त किए हैं। वहीं, दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार ने बताया मुखबिर की सूचना पर काली माता मंदिर श्मसान घाट के पास आरोपित शुभम नामा (20) निवासी गंगापुर हाल जौहरी बाजार को गिरफ्तार कर इसके साथी बालअपचारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित शुभम के कब्जे से देशी कट्टा और नाबालिग से कारतूस जब्त किए हैं।

इसके अलावा संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए आरोपित बिन्दु मीणा निवासी वीकेआई और संजु उर्फ संजय मीणा निवासी कैला देवी को गिरफ्तार किया गया है।

## गौतम सिंघानिया की बेंटले 1937 को कॉन्कर्स द एलीगेंस अवार्ड

**जयपुर।** 24 वीं विंटेज व क्लासिक कार रैली के तहत जैकब रोड स्थित जयपर महल पैलेस से रविवार सुबह 10.30 के बाद एक एक विटेंज कारें जैसे ही सड़कों पर निकली, लोग मोबाइल निकालकर तस्वीरें लेने लगे। जय महल पैलेस से रवाना होकर सभी गाडियां दिल्ली स्थित ताज होटल तक पहुंची और वापस जय महल पैलेस लौटी। पंजाब के पूर्व गवर्नर वीपी सिंह बदनोर व रेमंड के गौतम सिंघानिया ने रैली का फ्लैग ऑफ किया।

कार्यक्रम पर्यटन विभाग व राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित हुआ।

विंटेज कैटेगरी में इंड्रीस्टिलिस्ट गौतम सिंघानिया की बेंटले 1937 को कॉन्कर्स द एलीगेंस अवार्ड मिला। वहीं बेस्ट मेंटेन्ड कार का खिताब मर्सिडीज बेंज 1939, क्लासिक कैटेगरी में विक्रम की ब्यूक सुपर 8 को कॉन्कर्स द एलीगेंस खिताब और बेस्ट मेंटेड कार का खिताब क्रिस्लर 1947 को मिला।

## विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान



राजस्थानी संगम की ओर से राजस्थान स्वैच्छिक रक्तदाता समिति के अध्यक्ष डॉ.अखिल शुक्ला एडवोकेट सहित 18 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

**जयपुर।** राजस्थानी संगम की ओर से "राजस्थान शिरोमणि अवार्ड 2023" से रक्तदान जैसे परमार्थ सेवा कार्य में समर्पित राजस्थान स्वैच्छिक रक्तदाता समिति के अध्यक्ष डॉ.अखिल शुक्ला एडवोकेट सहित 18 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभाओं का माला, शाल व साफा पहनाकर, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक ललित तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।तिवारी ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा बताते हुएं कहाँ की कार्यक्रम में राजस्थान की 18 विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान हेतु चयन किया गया है।कार्यक्रम में राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ के एल जैन, मुख्यमंत्री के ओएसडी फारूक अफरीदी ,जादूगर सम्राट शंकर, रामसिंह चौहान, सिया शरण लश्करी, हिमाद्री वर्मा समर्थ, डॉ. योगिता शर्मा,मोहन मितवा, अविनाश शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत, तरुण कुमावत, उषा श्री, डॉ. चौधरी,अंकित तिवारी सहित बडी तादाद में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन अरुण किम्मतकर ने किया।

## राशि वापस करने की मांग

**जयपुर, (का.सं.)।** आल राजस्थान दुकानदार महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर करोनाकाल में व्यापारियों के बिल माफ करने या समायोजित करने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष किशोर कुमार टाक ने कहा कि करोना काल में व्यापारियों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर छह करोड़ लोगों तक अपनी पहुंच बरकरार रखी जबकि सरकार ने कहा कि हम छह करोड़ लोगों तक रोजाना नहीं पहुंच सकते। इस मौके पर भी व्यापारियों ने उन्हें दवा, सब्जी, राशन, फल आदि घर-घर पहुंचाये जबकि बाजार बंद पड़े हुए थे। लेकिन सरकार ने करोना काल में भी व्यापारियों के बिजली के बिल थमा दिये जो कि बंद दुकानों के थे। उन्होंने इन बिलों की राशि वापस लौटाने का आग्रह किया है।

## बजट प्रावधानों के विश्लेषण पर सेमीनार

**जयपुर।** दी इन्स्टीट्ययूट ऑफ कॉस्ट अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर द्वारा केंद्रीय बजट में किये गए प्रावधानों के विश्लेषण पर आधारित सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार के प्रथम तकनीकी सत्र में अग्रणी कर सलाहकार सीए अनूप भाटिया ने केंद्रीय बजट में आयकर के बारे में प्रस्तावित नये प्रावधानों और संबंधित तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सेमीनार के दूसरे तकनीकी सत्र में कर सलाहकार सीएमए तनुज अग्रवाल ने जीएसटी से सम्बन्धित कर प्रस्तावों और उनके आमजन पर प्रभाव से संबंधित विस्तृत चर्चा की। सेमीनार के प्रारम्भ में चैप्टर के वाइस चेयरमेन सीएमए हरेन्द्र कुमार पारीक ने मुख्य वक्ताओं और प्रतिभागियों का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन चैप्टर के सैक्रेटरी सीएमए डॉ. दीपक कुमार खण्डेलवाल ने किया।

## चिकित्सकों का धरना

**जयपुर।** प्रदेश के सभी 656 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर होम्योपैथिक चिकित्सकों के पद सृजित करने की मांग को लेकर विधानसभा के समक्ष दिया जा रहा होम्योपैथी चिकित्सकों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। 'यहां गत 2 फरवरी से राज्यभर के होम्योपैथी चिकित्सक सर्दी में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। डॉ. सीमा वर्मा ने बताया कि होम्योपैथिक निदेशालय ने पद सृजित करने का प्रस्ताव पहले ही राज्य सरकार के पास भेज दिया।

## करणी माता की भजन संध्या आयोजित



**जयपुर।** जी एस फाउंडेशन द्वारा झोटवाडा गणेश मंदिर प्रांगण में श्री करणी जी महाराज की भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भजनामृत में डुबकी लगाई।

आयोजन में विधायक नरपत सिंह राजवी,भाजपा प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी,भाजपा नेता अभिमन्यु सिंह राजवी,नगर निगम चेयरमैन गजेंद्र सिंह चिराणा,अजय सिंह चौहान,रामकिशोर प्रजापत,विकास बारेठ,पार्षद सुमेर सिंह जोधा,गणेश नाथावत,विरेंद्र सिंह शेखावत,रेखा राठौड दीपा नाथावत सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में भजन सम्राट छोटू सिंह रावणा,लखन भारती,किन्नू बन्ना, डॉक्टर करणी प्रताप सिंह सहित बडी संख्या में भजन गायकों में अपनी सुमधुर वाणी में अमृत रसधारा बहाई। अल सुबह तक चले इस भजन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एसएमएस अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी होगी

**जयपुर।** राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में जल्द ही रोबोटिस सर्जरी शुरू की जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने दो मशीन खरीदने की प्रक्रिया पूरी कर कम्पनी को आर्डर दे दिए हैं। माना जा रहा है कि इसी माह ये मशीनें अस्पताल मे आ जाएगी। प्रदेश के सरकारी अस्पताल में ऐसी सुविधा पहली बार मिलने जा रही है। दिल्ली, गुडग़ांव, मुंबई जैसे शहरों के अस्पतालों में यह सुविधा पहले से ही शुरू है लेकिन प्रदेश में इस प्रकार की मशीनें पहली बार सर्जरी के काम में ली जाएगी।

ये दोनों मशीनें एसएमएस हॉस्पिटल के यूरोलॉजी और जनरल सर्जरी विभाग में रहेंगी। रोबोटिक सर्जरी डे-केयर सर्जरी के लिए सबसे अच्छी तकनीक है। इस मशीन के जरिए छोटे सा छेद कर बड़ी सर्जरी कर दी जाती है। इससे मरीज को दर्द कम होता है। ब्लड भी कम बहता है। इसके साथ ही वह सामान्य हाथ या दूरबीन से की जाने वाली सर्जरी की तुलना में जल्दी रिकवर होता है। संभावना है कि मार्च के दूसरे सप्ताह से मशीन काम करना शुरू कर देगी। इससे पहले चिकित्सकों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# इमरजेंसी सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों में अलग से फंड होगा

- निजी अस्पतालों के बढ़ते विरोध को देखते हुए राइट टू हैल्थ बिल में बदलाव की तैयारी

**जयपुर।** राइट टू हैल्थ बिल पर चिकित्सकों और निजी अस्पतालों के विरोध को देखते हुए राज्य सरकार इस बिल में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत इमरजेंसी में आने वाले मरीज के इलाज की बाध्यता को देखते हुए राज्य सरकार इसके लिए अलग से फंड बना सकती है।

फिलहाल इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है और जल्द ही इस पर निर्णय किया जाएगा। अभी यह फंड कितना होगा इस पर भी निर्णय किया जाना बाकी है।

राइट टू हेल्थ बिल पर प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों का सबसे बड़ा विरोध इलाज के खर्च को लेकर ही था। हॉस्पिटल संचालकों का कहना है कि इमरजेंसी में आने वाले एक्सीडेंट केस में मरीज का इलाज करने का प्रावधान तो बिल में है, लेकिन इस पर होने वाले खर्च को कौन उठाएगा।

बिल में प्रावधान है कि एक्सीडेंट के अलावा इमरजेंसी में कोई अन्य मरीज भी इलाज के लिए अस्पताल में आता है। उसे पैसे के अभाव में डॉक्टर या हॉस्पिटल इलाज देने से मना नहीं कर सकते। रुपए देने का दबाव नहीं डाल सकते। भुगतान नहीं होने की स्थिति में शव नहीं रोक सकते। इसको लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक विरोध कर रहे थे। बिल का विरोध कर रहे चिकित्सक तथा निजी अस्पताल संचालकों के सुझाव सुनने के लिए विधानसभा की प्रवर समिति 11 फरवरी को बैठक करेगी।

बैठक में सुझाव सुनने के बाद उन पर कमेटी चर्चा करके उनके सुझावों को बिल में शामिल करने पर विचार करेगी। उसके बाद बिल को पास करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रवर समिति इस पर अपनी रिपोर्ट 13 फरवरी को पेश कर सकती है। गौरतलब है कि विधानसभा सत्र में राइट टू हैल्थ बिल आया था लेकिन विरोध के चलते इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया।

## लैब टेक्नीशियन ने धरना दिया

**जयपुर।** अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ की ओर से प्रदेशभर के लैब टेक्नीशियन ने कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर सोमवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम मीणा व मेडिकल कॉलेज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग सोनी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया जाएगा प्रदेश प्रवक्ता महेश सैनी ने बताया कि विगत कई वर्षों से ग्रेड पे 4200, भत्ते व पदनाम संशोधन को लेकर सोमवार को शहीद स्मारक पर समूचे प्रदेश से आए लैब टेक्नीशियन संवर्ग के कार्मिक जमा हुए। इस दौरान मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के 5 प्रमुख सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मांगों के संबंध में वार्ता के लिए बुलाया गया।

# ऑपरेशन के बाद महिला के पेट में छोड़ी पट्टी

- परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया

**जयपुर।** राजधानी में डॉक्टर ने ऑपरेशन के बाद एक महिला के पेट में पट्टी छोड्ढ.दी। पेट में दर्द होने पर डॉक्टरों के दिखाया, लेकिन कोई आराम नहीं मिला। दूसरे अस्पताल में इलाज कराने पर पेट में पट्टी होने के पता चला। जहां डॉक्टरों ने फिर से सर्जरी कर पेट से पट्टी बार निकाली। इस संबंध में पीड़िता ने मुहाना थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पीड़िता नानगी देवी (32) ने मुहाना थाने में रिपोर्ट दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नवंबर 2021 में पेट में दर्द की समस्या होने के बाद पत्रकार कॉलोनी स्थित डॉक्टर रमेश मेमोरियल अस्पताल में जयश्री नाम की एक महिला डॉक्टर से इलाज कराने गई। दवाईयां खाने के बाद भी आराम नहीं मिला। इसके बाद महिला डॉक्टर जयश्री ने सर्जरी करने के लिए कहा। जिस पर पीड़ित महिला ने डॉक्टर से सर्जरी करवाई। सर्जरी के बाद भी पेट दर्द खत्म नहीं हुआ। महिला ने दोबारा डॉक्टर से सम्पर्क किया, लेकिन इलाज से कोई फायदा नहीं मिला। इस दौरान डॉक्टर को 20 बार दिखाया। वह उसे पेनकिलर देकर रवाना कर देती थी। महिला ने पेनकिलर खाकर 7 महीने तक का समय निकाल दिया। 7 माह बाद पीड़ित नानगी देवी का पति सुवालाल उसे लेकर बगरू स्थित बालाजी सोनी अस्पताल पहुंचा। जहां पर पिछले साल 22 जून को सर्जरी के दौरान वीडियोग्राफी कराई गई।

ताकि पेट की असली समस्या पता चल सके। अस्पताल के डॉक्टर ने सर्जरी के समय नानगी देवी के पति सुवालाल को अंदर बुलाया। उसके सामने सर्जरी के दौरान नानगी देवी के पेट से आठ एमएम का पट्टी का टुकड़ा निकाला। बाद में इसे जांच के लिए दुर्लभ जी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने ठगी समेत दस से भी ज्यादा धाराओं में डॉक्टर जयश्री समेत तीन अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर डॉक्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डॉक्टर से इस संबंध में जल्द पूछताछ की जाएगी।

## जहरखुरानी की वारदात करने वाले गिरोह का बदमाश पकड़ा

**जयपुर,(कासं)।** करौली के नादौती थाने में वांछित एक अपराधी जयपुर में जहरखुरानी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर 21 महंगे मोबाइल बरामद किए हैं।

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित विजय सिंह उर्फ पप्पू (38) गांव केमा नादौती जिला करौली हाल रैगरों का मोहल्ला, झोटवाड़ा का रहने वाला है। उसके कब्जे से जनाना अस्पताल में नशीली चाय पिला पिता-पुत्र से चुराए गए 2 मोबाइल सहित कुल 21 महंगे मोबाइल बरामद किए गए हैं। आरोपित जहरखुरानी की वारदातों का मास्टरमाइण्ड है, जो अस्पतालों व सिंधीकैम्प बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों से पहले जान-पहचान बनाता है, फिर उनको नींद की गोलियां चाय में मिलाकर पिला देता है। बेहोशी की हालत में वारदात कर फरार हो जाता है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल बुद्धाराम और गंगाराम की अहम् भूमिका रही।

## वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने बनीपार्क थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है।

उसके पास से पुलिस ने चोरी के तीन ई-रिक्शा, बैटरी, छह महंगी साइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में रैकी कर चोरी की वारदात करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी ने बनीपार्क थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर विनय मीणा उर्फ राजा (21) निवासी पिलोद जिला सवाईमाधोपुर हाल जवाहर नगर कच्ची बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के तीन ई-रिक्शा, तीन ई-रिक्शा बैटरी, छह महंगी साइकिल बरामद की गई है।

गिरफ्तार आरोपित से प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि पूर्व से खड़े वाहनों की रैकी कर चोरी करता है। चोरी किये गये ई-रिक्शा, बैट्रीयों व साईकिलों को फेरी करने वालों को 500-700 रुपये में बेच कर नशा करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## सार-समाचार

### रिलायंस डिजिटल ने पेश किए, सैमसंग गैलेक्सी एस23 सीरीज़ के स्मार्टफोन

**जयपुर।** भारत के सबसे बडे और सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल ने सैमसंग के बहुप्रतीक्षित फ्लैगशिप गैलेक्सी एस23 सीरीज़ के स्मार्टफोन (गैलेक्सीएस 23 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस 23 और गैलेक्सी एस 23) पर से पर्दा उठाया है। इन स्मार्टफोन्स में सैमसंग गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा में 200 मेगापिक्सल का कैमरा, 100 ज़ूम और पहले से भी बेहतर नाइटोग्राफी क्षमताएं हैं। स्मार्टफोन की इस सीरीज़ का ग्राहक अपने हाथ में लेकर अनुभव करें, इसलिए, रिलायंस डिजिटल ने अपने विशिष्ट ग्राहकों को एक खूबसूरत सनसेट क्रूज़ पर इनफीचर्स के लाइव डिस्प्ले के लिए आमंत्रित किया। उन्हें पावरफुल ज़ूम फीचर का उपयोग करते हुए, रात में मुंबई की खूबसूरत स्काई लाइन को शूट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर रिलायंस डिजिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन बाडे ने कहा, "रिलायंस डिजिटल को सैमसंग के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की खुशी है। यह एक ऐसा संबंध है जिसे हम गहराई से महत्व देते हैं और संजोते हैं। हमें भारत भर में अपने ग्राहकों के लिए गैलेक्सी एस23 सीरीज़ जैसी बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पेश करने पर बहुत गर्व है। हमारा उद्देश्य उन्हें टेक्नोलॉजी के साथ दोस्ती करने और व्यापक स्तर पर इसका फायदा उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### निजी सहायकों का प्रशिक्षण 24 अप्रेल से

**जयपुर, (का.सं.)।** हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर की ओर से अधीनस्थ विभागों में पदस्थापित निजी सहायकों (आशुलिपिक) के लिये राज्य स्तरीय आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 अप्रेल से 13 अक्टूबर तक जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा एवं उदयपुर जिलों में स्थित प्रशिक्षण केंद्रों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी, इस आदेश के अनुसार विभाग में निजी सचिव के पद पर कार्यरत वरिष्ठ अधिकारी डॉ रमाकांत भारद्वाज को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का पाठ्यक्रम निदेशक नियुक्त किया गया है।

### खाद्यान्न वितरण की अवधि 10 तक बढ़ी

**जयपुर।** खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत माह जनवरी, 2023 के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि 10 फरवरी तक बढा दी गयी है। खाचरियावास ने बताया कि सभी जिला रसद अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जनवरी माह के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि 10 फरवरी तक बढाने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत माह दिसम्बर, 2022 के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि भी 10 फरवरी तक बढा दी गयी है। खाचरियावास ने बताया कि दिसम्बर एवं जनवरी माह में राशन के गेहूं से वंचित रहे लोग अब गेहूं 10 फरवरी तक उचित मूल्य की दुकान से प्राप्त कर सकते हैं।

### दुष्कर्म के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाड़ा और विश्वकर्मा थाना पुलिस ने युवती और नाबालिग से दुष्कर्म के मामलों में दो जनों को गिरफ्तार किया है। हरमाड़ा थाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर देहशोषण के मामले में आरोपित अजय कुमावत (24) निवासी खोराणीया की ढाणी, हरमाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ने पीड़िता को उसके पति से तलाक भी दिलवा दिया था। वहीं, विश्वकर्मा थाना पुलिस ने नाबालिग साली से दुष्कर्म के मामले में आरोपित जीजा लोकेश मीणा दौलतपुरा को गिरफ्तार किया है।

### स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया गिरफ्तार तस्कर अंकित जोशी (21) कागदीवाड़ा ब्रह्मपुरी का रहने वाला है, जिसके कब्जे से एक ग्राम स्मैक जब्त की गई है।

### युवक का मोबाइल-पर्स छीना

**जयपुर।** मोती डूंगरी इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल-पर्स छीन ले गए। पुलिस ने बताया धन्नादास की बगीची निवासी संत लाल सैनी 4 फरवरी की रात करीब 11 बजे छोटी मस्जिद के पास से गुजर रहा था। इस दौरान बाइक सवार मोबाइल-पर्स छीन ले गए।

# देश के विकास में नागरिकों का योगदान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण: महापौर सौम्या गुर्जर

## केंद्रीय संचार ब्यूरो की पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी और लाइफ मिशन मोबाइल वैन का हुआ उद्घाटन

**जयपुर।** देश के विकास में नागरिकों का योगदान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही कोई भी देश विकास के पथ पर अठासर होता है। स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार है जब देश की बागडोर संभालने वालों की भावना राज करने की जगह कर्तव्य पालन की ज्यादा है। इसी वजह से नई दिल्ली में भी राजपथ का नाम कर्तव्यपथ किया गया है। अब हम सबको संकल्प लेना है कि हम कर्तव्यपथ पर चलते हुए एक सशक्त, समृद्ध राष्ट्र-निर्माण की दिशा में आगे बढेंगे। उक्त उद्गार जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने व्यक्त किए। वह केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर द्वारा अंबावाडी स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में आयोजित पाँच दिवसीय अमृतयात्रा (इंडिया2047) मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर मंच पर निदेशक आकाशवाणी समाचार एकांश के निदेशक नीलेश कालभोर, पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक पवन फौजदार, दूरदर्शन समाचार एकांश की उपनिदेशक मंजू मीणा, डाकविभाग की वरिष्ठ डाक अधीक्षक प्रियंका गुप्ता, केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा आदि उपस्थित थे।

गुर्जर ने आगे कहा कि हमें देश की आजादी के संघर्ष में शामिल होने का अवसर नहीं मिला, मगर हमारा यह सौभाग्य है कि हमें आजादी के अमृत महोत्सव का साक्षी होने का अवसर मिल रहा है। आज का भारत बदला हुआ भारत है। अब हम न सिर्फ अपने देशवासियों के सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रयासरत हैं वरन् सही मायने में वैश्विक एकता व कल्याण की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। हम अब लेने वाले न होकर देने वाले हो गए हैं। आज भारत की चिकित्सा और आर्थिक क्षेत्र में हुई प्रगति का लाभ सारी दुनिया को मिल रहा है। उन्होंने जयपुरवासियों से सप्ताह में एक दिन समय निकालकर अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए श्रमदान करने का आव्हान भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लाइफ मिशन पर आधारित मोबाइल वैन का उद्घाटन भी महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह मोबाइल वैन राजस्थान के जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, करोली, धौलपुर, अलवर और भरतपुर जिलों के विभिन्न गाँवों में पर्यावरण, ऊर्जा व जल संरक्षण विषय पर जनजागरण का कार्य करेगी। मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए संयुक्त निदेशक पवन फौजदार ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी आजादी की शताब्दी मना रहा होगा तब भारत का स्वरूप कैसा होगा, इसका रोडमेप इस प्रदर्शनी में देखा जा सकता है। यहाँ पर विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहाँ उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को न सिर्फ इन सारी जानकारियों को देखना है, बल्कि इससे सीखना भी है।




केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।